मैया आंबे भवानी तू मेरे पास है

मैया आंबे भवानी तू मेरे पास है ,
झूठी दुनिया ये लगे तेरा विश्वाश है,
मैया आंबे भवानी तू मेरे पास है ,

नाव टूटी है मेरी दूर है माँ किनारा,
छूटे अपने पराये नहीं कोई सहारा,
मैया आये गी अभी दिल में ये आस है,
मैया आंबे भवानी तू मेरे पास है ,

माँ पिता और भाई बहिन सब के यहाँ पर,
किसी का कब दियां है साथ किसने यहाँ पर,
जिस पे किरपा तू करे बस वो ही ख़ास है,
मैया आंबे भवानी तू मेरे पास है ,

तेरी करुणा से मैया मेरा सब काम होता,
बिसारियां का जहा में भला क्यों नाम होता,
तेरी मर्जी से चले अब तो अविनाश है,
मैया आंबे भवानी तू मेरे पास है ,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13242/title/maiya-ambe-bhawani-tu-mere-paas-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |